TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

07 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अच्छे कार्य स्वयं को ताकत देते हैं और दूसरों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**प्लेटो**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 07 नवम्बर

1. **भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की स्थापना–** भारत में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की स्थापना 7 नवम्बर, 1950 ई. को जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद और मंगलदास पकवासा के द्वारा की गई। स्काउट्स एंड गाइड्स एक स्वंयसेवी, गैर–राजनैतिक संगठन है जिसका उद्देश्य नवयुवकों को मानवता की सेवा करने का मौका प्रदान करना है, जिससे की वे जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी क्षमताओं के द्वारा स्थानिय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर सकें। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। स्काउट्स एंड गाइड्स आंदोलन वर्ष 1908 में ब्रिटेन में सर पॉवेल द्वारा आरंभ किया गया था।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को बतायें की भारत स्काउट्स एंड गाइड्स में आप अपनी योगदान कैसे दे सकते हैं।
2. **सी. वी. रमन का जन्मदिवस–** भारत के प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री व वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन का जन्म 7 नवम्बर, 1888 ई. को तिरूचिरापल्ली, तमिलनाडु में हुआ था। प्रकाश के प्रकीर्णण पर उत्कृष्ट कार्य के लिये वर्ष 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके अविष्कार को रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1954 में भारत सरकार द्वारा 'भारत रत्न' तथा वर्ष 1957 में लेनिन शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
   - **संदर्भः** भौतिकी के अंतर्गत 'रमन प्रभाव' से जोड़कर बतायें।
3. **राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस–** भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के रूप में मनाया लाता है ताकि कैंसर के लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। कैंसर एक जानलेवा बीमारी है।
   - **क्या करें?** कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता हेतु जागरूकता रैली, निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण आदि कर सकते हैं।
4. **विपिनचंद्र पाल का जन्म–** लाल–बाल–पाल की तिकड़ी में से एक विपिन चंद्र पाल का जन्म 7 नवम्बर, 1858 ई. को बांग्लादेश में हुआ था। वे राष्ट्रवादी नेता होने के साथ साथ एक शिक्षक, पत्रकार, लेखक व वक्ता भी थे। उन्हें भारत में क्रांतिकारी विचारों का जनक भी माना जाता है। ब्रह्म समाज के अन्य सदस्यों की तरह विपिनचंद्र पाल भी सामाजिक बुराईयों और रूढ़िवादी मानसिकता का विरोध किया।
   - **संदर्भः 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन'** से जोड़कर बच्चों को बतायें।
5. **मैडम क्यूरी का जन्म–** भौतिकी में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली प्रथम महिला मेरी क्यूरी का जन्म 7 नवम्बर, 1867 ई. को पौलेण्ड की राजधानी वारसा में हुआ था। उन्होंने अपने पति पियरे क्यूरी के साथ पोलोनियम और रेडियम की खोज की थी। इस खोज से एक्स–रे का विकास हुआ।

Thursday

/teachersofbihar

*Madhu priya*

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर




कैंसर की शीघ्र पहचान, रोकथाम और उपचार के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करने के लिए 2014 से हर साल भारत में 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन, विभिन्न स्वास्थ्य सेवा संगठन, सरकारी एजेंसियां, और गैर-लाभकारी समूह राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस को चिह्नित करने के लिए जागरूकता अभियान, सेमिनार और स्क्रीनिंग आयोजित करने के लिए सहयोग करते हैं और देश भर में कैंसर के बोझ को कम करने की दिशा में काम करते हैं। कैंसर शरीर के किसी भी क्षेत्र को प्रभावित करने वाली कई स्थितियों के लिए एक व्यापक शब्द है। कैंसर का एक विशिष्ट पहलू असामान्य कोशिकाओं का तेजी से निर्माण है जो अपनी सामान्य सीमाओं से परे बढ़ती हैं, आसपास के शरीर के अंगों को संक्रमित करती हैं और अन्य अंगों में स्थानांतरित हो जाती हैं, इस प्रक्रिया को मेटास्टेसिस के रूप में जाना जाता है। वैश्विक स्तर पर कैंसर मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, 2020 में एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत हुई। नए मामलों के सबसे लगातार कारण थे। ग्लोबल कैंसर 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 13.24 लाख नए मामले सामने आए हैं, जहां पुरुषों में होंठ/मौखिक गुहा (16.2%), फेफड़े (8%) और पेट के कैंसर (6.3%) प्रमुख हैं, जबकि स्तन ( महिलाओं में 26.3%), गर्भाशय ग्रीवा (18.3%) और अंडाशय कैंसर (6.7%) प्रमुख हैं। कैंसर से संबंधित मौतों की संख्या 8,51,678 बताई गई है। भारत के महानगरीय क्षेत्रों में, सभी प्रकार के प्रति 100,000 पर आयु-समायोजित घटना दर पुरुषों के लिए 106 से 130 और महिलाओं के लिए 100 से 140 के बीच है। तम्बाकू का उपयोग महिलाओं में 25% कैंसर और पुरुषों में 50% कैंसर से जुड़ा हुआ है (तंबाकू के उपयोग से जुड़े कुल कैंसर: 34%)। 1995 और 2025 के बीच, तम्बाकू से संबंधित कैंसर की रुग्णता में सात गुना वृद्धि का अनुमान है। एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता होने के नाते, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस रोग के जोखिम कारकों, जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले सामान्य कैंसर प्रकारों और लक्षण प्रकट होते ही चिकित्सा सहायता लेने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।




**चंद्रशेखर वेंकट रामन** *Chandrasekhara Venkata Raman*, जन्म: 7 नवम्बर, 1888; मृत्यु: 21 नवम्बर, 1970) पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने वैज्ञानिक संसार में भारत को ख्याति दिलाई। प्राचीन भारत में विज्ञान की उपलब्धियाँ थीं, जैसे- शून्य और दशमलव प्रणाली की खोज, पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के बारे में तथा आयुर्वेद के फ़ारमूले इत्यादि।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.11.2024

## शिक्षण के सूत्र

शिक्षकों की उपरोक्त कठिनाइयों का समाधान करने के लिए मनोवैज्ञानिकों व शिक्षाशास्त्रियों ने अपने अनुभवों व विचारों को सूत्र रूप में प्रस्तुत किया है जिन्हें शिक्षण के सूत्र कहा जाता है। ये सूत्र उस मार्ग की ओर संकेत करते हैं जिस पर चलकर शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया सुगम, रुचिकर, प्रभावशाली व वैज्ञानिक बन जाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**इटली का वेनिस एक ऐसा शहर है जहां एक भी रोड और कार नहीं है यहां लोग सिर्फ Boat से ट्रैवल करते हैं|**

स्रोत:
प्रभा साझी

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

# साइकिलिंग

## ट्रैक साइकिलिंग

ट्रैक साइकिलिंग में साइकिल पर रेस की जाती है, जो अक्सर लकड़ी से बने अंडाकार ट्रैक पर होती है। ये आमतौर पर इनडोर में होती है लेकिन इसे हमेशा वेलोड्रोम पर नहीं किया जाता है।




### ट्रैक साइकिलिंग के नियम

ट्रैक साइकिलिंग के हर इवेंट के अलग-अलग नियम होते हैं। लेकिन आमतौर पर खेल में पहले फिनिशिंग लाइन को पार करना या सबसे ज्यादा अंक या मैदान में सबसे ज्यादा लैप करने वाला प्रतियोगिता को जीतता है।

इवेंट: पुरुष और महिला दोनों पाँच इवेंट में पूरा करते हैं

### ओलंपिक में ट्रैक साइकिलिंग

1896 में ट्रैक साइकिलिंग को हर ओलंपिक गेम्स के सीजन में शामिल किया गया।
महिलाओं ने 1988 में सियोल गेम्स के बाद से ट्रैक इवेंट में हिस्सा लेना शुरू किया।

### साइकिलिंग का ट्रैक





भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में 'क्रान्तिकारी विचारों के जनक', 'लाल' 'बाल' 'पाल' तिकड़ी का एक हिस्सा

# बिपिन चन्द्र पाल

की जयंती पर सादर नमन ।

**जन्म- 07 नवम्बर 1858 - मृत्यु- 20 मई 1932**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन
सर चंद्रशेखर वेंकट रमण
7 नवंबर 1888 - 21 नवंबर 1970
Madhu priya
www.teachersofbihar.org
Madhu priya